तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 पीड़ित उपभोक्ता अब अपने घर से ही उपभोक्ता आयोग में ...

14 रात 10 बजे के बाद साउण्ड सिस्टम का प्रयोग नहीं होगा


## खबर संक्षेप

### खरेंगा में मानसगान प्रतियोगिता हुई

**धमतरी।** श्रीराम जानकी एक प्रयास महिला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय मानसगान व्याख्याता प्रतियोगिता हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुलोचना साहू, पुष्पा साहू, गंगा साहू, त्रिवेणी साहू, नंदकुमार साहू, संजय साहू, देवा चक्रधारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच का संचालन राममिलन साहू भंवरमरा ने किया।

### पुरी में महाशिवरात्रि मेला आज



**पुरी।** महाशिवरात्रि पर ग्राम पुरी में शिव मंदिर व रामायण समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोकप्रयाग राजिम ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में समिति के अध्यक्ष तोरण पटेल, उपाध्यक्ष धन्नूराम निर्मलकर, सचिव डोमार महिपाल, कोषाध्यक्ष ओंकार साहू, संरक्षक टीकाराम सोनवानी, गिरवर साहू, सलाहकार रामेश्वर यादव, प्रेमलाल साहू, संगठन मंत्री सुखदेव नेताम, विजय ध्रुव समेत ग्रामवासी जुटे हैं।

### कमलवंशी कंवर समाज का वार्षिक अधिवेशन 27 से

**पुरी।** कमलवंशी कंवर समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम भैंसातारा में 27, 28 फरवरी को रखा गया है। कमलवंशी कंवर समाज द्वारा कलश यात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन व देव स्थापना होगी। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सामाजिक लेखा-जोखा तथा नए पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में जीवन सोनवानी, संतोष कंवर, शीशराम कंवर, रूपेश कंवर, संरक्षक गोविंदराम कंवर, गुलाल कंवर, परसराम सोनवानी, चंद्रेश कंवर, रामूराम कुंवर, संतोष कंवर, ओमकुमार कंवर, भागवतराम कंवर, सेवकराम कंवर, टीकाराम कंवर, सुनीता कंवर, कमला कंवर, कुलेश्वरी कंवर, कौशिल्या कंवर, कांति कंवर, उमा कंवर समेत अन्य जुटे हैं। यह जानकारी चंद्रेश कंवर ने दी है।

### महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में होगा रुद्राभिषेक

**नगरी।** कर्णेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा पाठ, रुद्राभिषेक की विशेष तैयारी की जा रही है। कर्णेश्वर महादेव मंदिर



ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा महाशिवरात्रि पर मन्दिर परिसर को लाइट से विशेष सजाया गया है। प्रातःकाल से ही कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी। शाम को ट्रस्ट द्वारा महारुद्राभिषेक, महाआरती व प्रसादी भण्डारा का आयोजन होगा। दिनभर विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा शिव महिमा का गुणगान किया जाएगा। तैयारी में ट्रस्ट संरक्षक कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, सचिव ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव रामभरोसा साहू, कलमसिंह ठाकुर, उत्तम साहू, नागेंद्र शुक्ला, मोहन पुजारी, योगेश साहू, छबि ठाकुर, बबलू गुप्ता, उत्तम साहू, भरत निर्मलकर, दुर्गेश साहू, ईश्वर जांगड़े, डोमार मिश्रा, महेंद्र कौशल, रवि भट्ट, हनी कशयप, अनिरुद्ध साहू, गगन नाहटा, ललित निर्मलकर, संतु साहू, देवेंद्र साहू, मिलेश साहू, प्रमेश निषाद जुटे हैं।

### आंगादेव, बस्तरिहा नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र, हैरतअंगेज करतब दिखाने बनारस की टीम पहुंची

# शिव की निकली शाही बारात : भूत-प्रेत अघोरी, किन्नर, गंधर्व, देवी-देवता बने बाराती









हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाशिवरात्रि पर मंगलवार को शाम 5 बजे बुढ़ेश्वर महादेव समिति ट्रस्ट एवं नगरवासियों द्वारा शिवजी की शाही बारात निकाली गई। बारात मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई जो रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, बालक चौक, घड़ी चौक, बस्तर रोड, छत्रपति शिवाजी चौक, बनियापारा, शिव चौक, रामसगरी गार्डन, तहसील आफिस होते हुए 7 घंटे में रात्रि 12 बजे बुढ़ेश्वर मंदिर पहुंची। जहां परम्परागत रीति-रिवाज से आरती उतारकर दूल्हेराजा भोलेशंकर एवं सभी बारातियों का स्वागत किया गया। रास्ते में शिव बाबा और बारातियों का आरती पूजन एवं फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। भोलेबाबा से नगरवासियों ने क्षमायाचना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। बारात में किन्नर, साधु संत, अघोरी बाबा, गणेश जी, मां काली, बजरंग बली, वानर सेना, पिशाच, भूत प्रेत, बनारस का डमरूधारी बाबा, मां दुर्गा के नौ रूप, सात घोड़े, हाथी, ऊंट, सर्प लपेटे बाबा, हैरत अंगेज करतब दिखाने वाले साधु, शेर नृत्य, बाबा की आरती, नागपुर की ढोल पार्टी, स्थानीय और गांवों की झांकियां, बैंडबाजे, भजन मंडली, धूप आरती का रथ, शिवगण सहित हजारों नगरवासी शामिल रहे।

रथ में शिव बाबा दूल्हे के वेश में थे। 20 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई गई थी जिसे आकर्षक लाइट से सजाया गया था। शिव के आगे भक्तों की मंडली धूपदान, आरती करते हुए चल रही थी। कलकत्ता के कंकालधारी साहू और किन्नर गंधर्व की टीम ने ढोल-मंदीरा की थाप पर नृत्य किया। बस्तर के आंगादेव, बस्तरिहा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पौराणिक पात्रों की वेशभूषा काफी मनमोहक रही। बारात की एक झलक पाने नगरवासी सड़क किनारे जमे रहे। सदर बाजार में लोग अपने भवनों की छत से फूलों की वर्षा की। लोगों ने वेशभूषा में सजे पात्रों के साथ मोबाइल में खूब सेल्फी ली।

इस मौके पर महापौर रामू रोहरा, प्रीतेश गांधी, आनंद पवार, दीपक लोंढे, विनोदराव रणसिंह, अशोक पवार, गौतम वाधवानी, रीतुराज पवार, विपिन पवार, विजय गोलछा, निलेश लुनिया, सलज अग्रवाल, मुकेश सुखवानी, रूपेश राजपूत, लक्ष्मण साहू, प्रवीण साहू सहित हजारों शिवभक्त शामिल रहे।

# जनपद में 4 और जिला पंचायत में 5 मार्च को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्णय

### जनपद और जिला पंचायत में भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अब जनपद और जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव की सरगर्मी शुरू हो गई है। वहीं ग्राम पंचायतों में उपसरपंच के चुनाव के मंथन का दौर चल रहा है। जिला प्रशासन ने इन चुनावों के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है, जिसके अनुसार 27 फरवरी से निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 4 मार्च को जनपद पंचायत और 5 मार्च को जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का फैसला हो जाएगा।

इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिले में कमल खिला है। यहां के जनपद पंचायत और जिला पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है। अब भाजपा बिना किसी जोड़-तोड़ के ग्रामीण सरकार बनाने की तैयारी में है। उधर जिला प्रशासन ने भी जनपद पंचायत और जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायत में उपसरपंच के चुनाव के लिए समय- सारिणी जारी कर दी है। जानकारी के अनुसार तीनों पंचायतों में 27 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जनपद पंचायत में पहले दिन सदस्यों के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी की जाएगी। 27 मार्च को ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए सदस्यों को सूचना जारी की जाएगी। इसके बाद 4 मार्च को जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का सम्मिलन होगा। शाम तक रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया जाएगा। इस दिन जनपद पंचायत में प्रथम सम्मिलन की सूचना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को दी जाएगी। 7 मार्च को प्रथम सम्मिलन में सभापति सहित अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

### जिला पंचायत में 5 मार्च को बैठेंगे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

जिला पंचायत में 27 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी और सदस्यों को सूचना दी जाएगी। 5 मार्च को प्रथम सम्मिलन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 7 मार्च को प्रथम सम्मिलन (विशेष) में जिला पंचायत बॉडी का गठन होगा। ग्राम पंचायतों में भी 27 मार्च से उपाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। 8 मार्च को चुनाव होगा और इसी दिन रिजल्ट की घोषणा भी कर दी जाएगी।

# बाइक बाईपास से नीचे 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरी, दम्पति सहित बच्ची घायल

- जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, ग्राम श्यामतराई बाईपास की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बच्ची के साथ दम्पति की बाइक अनियंत्रित होकर श्यामतराई बाईपास से नीचे गड्ढे में गिर गई। घटना में तीनों घायल हो गए।



घायलों के अनुसार नगरी सिहावा निवासी संजय यादव पिता घसियाराम उम्र 40 वर्ष का ससुराल बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम चिंवरी में है। ससुराल में छट्ठी कार्यक्रम था जिसमें संजय अपनी पत्नी गायत्री यादव 37 वर्ष व बेटी वरदिका यादव उम्र 9 वर्ष के साथ बाइक से अपने ससुराल ग्राम चिंवरी में हो रहे छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। मंगलवार को संजय अपनी पत्नी व बेटी के साथ बाइक में सवार होकर चिंवरी से अपने घर नगरी सिहावा जाने के लिए निकला था। युवक नेशनल हाईवे से होते हुए धमतरी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान संबलपुर बाईपास जंक्शन के पास युवक रास्ता भटककर सीधे बाईपास में आगे बढ़ गया। रास्ता भूल जाने का अहसास होने पर लोगों से पूछने पर धमतरी बाईपास में होने की जानकारी हुई। युवक आगे श्यामतराई बाईपास जंक्शन से मुड़कर धमतरी होते सिहावा जाने आगे बढ़ गया। इसी दौरान श्यामतराई बाईपास तिराहे के पहले बाइक चला रहे युवक को अचानक चक्कर आ गया। जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर बाईपास से नीचे लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। बाइक में सवार तीनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद मोहन रजक व दीपक पटवा की सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान तत्काल एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल पिता व पुत्री को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

# फार्चूनर कार की ठोकर से छोटा हाथी पलटा, 12 घायल

- रायपुर में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने जा रही थी रामधुनी मंडली
- तेलीनसत्ती अंडरब्रिज के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





रायपुर में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने जा रही रामधुनी मंडली के छोटा हाथी को तेज रफ्तार वीआईपी कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में छोटा हाथी के अनियंत्रित होकर पलट जाने से सवार 12 लोग घायल हो गए, जिसमें से 2 की हालत गंभीर है।

घायलों के अनुसार समीपस्थ ग्राम पेरपार की रामधुनी मंडली के महिला पुरूष सहित लगभग 12 सदस्य मंगलवार की दोपहर छोटा हाथी क्र. सीजी 17 एच 2336 में सवार होकर रायपुर जाने निकले थे। रायपुर के धरमपुरा में बुधवार की रात्रि आयोजित कार्यक्रम में मंडली को प्रस्तुति देनी थी। छोटा हाथी बाईपास से होते हुए रायपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान संबलपुर बाईपास जंक्शन से 100 मीटर पहले तेलीनसत्ती अंडरब्रिज के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार वीआईपी फार्चूनर कार ने छोटा हाथी को जोरदार टक्कर मार दी। कार की ठोकर से छोटा हाथी सड़क के डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। छोटा हाथी के चारों पहिया उपर हो गए। इस घटना से छोटा हाथी में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। वहीं वीआईपी वाहन के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरु किया गया। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य घायल खतरे से बाहर हैं। हादसे में घायल हुए लोग ग्राम पेरपार, परसुली व गुरुर के रहनेवाले हैं।

### घटना में पीड़ित लोगों का इलाज जारी



सड़क हादसे में छोटा हाथी में सवार करण पिता गुरुदेव 15 वर्ष, धनराज पटेल पिता डामन 16 वर्ष, कोमिन गेडाम पति देवेंद्र 40 वर्ष, टिकेंद्र पटेल पिता गुमान 16 वर्ष, महेश्वरी निर्मलकर पति कोमल 43 वर्ष, लोमस साहू पिता गेसकुमार 21 वर्ष, सोमेन सार्वा पिता धनपाल 15 वर्ष, शुभम पिता गुमान 16 वर्ष सभी घायल ग्राम पेरपार थाना गुरुर निवासी, नीलकमल साहू पिता गोवर्धन 22 वर्ष, संजू ठाकुर पिता अनिरूद्ध 25 वर्ष दोनों ग्राम परसुली निवासी व वेदकुमार उम्र 25 वर्ष गुरुर निवासी सहित एक अन्य घायल हुआ है।

### जेल प्रशासन का अनोखा आयोजन, प्रयागराज महाकुंभ से आया था त्रिवेणी का गंगा जल

# जिला जेल बना बंदियों का प्रयागराज, हर-हर गंगे जपते हुए किया कुंभ स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिवरात्रि से पहले जिला जेल का माहौल प्रयागराज महाकुंभ जैसा हो गया था, जहां जेल के 239 बंदियों ने हर-हर गंगे जपते हुए गंगा स्नान किया और पापकर्म से दूर रहने का निश्चय किया। इस दौरान जेल में आध्यात्मिक शांति और शुद्धता छा गई थी।

प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ से पूरे देश का माहौल धर्ममय हो गया है। महाकुंभ में गंगा स्नान कर तन मन को पवित्र करने के लिए पूरे देश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिला जेल के बंदी चाहकर भी इस पुण्य अवसर का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। उनकी व्यथा को समझते हुए छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से जेल प्रशासन ने जिला जेल में ही महाकुंभ स्नान की व्यवस्था करवाई। जेल में शासन द्वारा प्रयागराज से गंगाजल की व्यवस्था करवाई गई थी। मंगलवार को यहां कुंभ स्नान करवाया गया। सुबह करीब 8 बजे प्रयागराज से आए जल को स्नानागार की पानी टंकी में समाहित किया गया। जल की पूजा-अर्चना कर पानी टंकी को फूलों से सजाया गया। इसके बाद हर- हर गंगे जपते हुए बारी-बारी से सभी 239 बंदियों को इस जल से स्नान करवाया गया। इस दौरान जेल के माहौल में आध्यात्मिक शुद्धि और शांति छा गई थी। खास बात यह है कि जेल में कई धर्म और संप्रदाय के लोग बंद हैं। सभी ने आस्थापूर्वक कुंभ स्नान किया और आगे से पापकर्म में लिप्त नहीं होने का निश्चय किया।

कार्यक्रम में एनके डहरिया सहायक जेल अधीक्षक, दिनेश गजेन्द्र मुख्य प्रहरी एवं गार्ड इंचार्ज, राजेन्द्र लकड़ा मुख्य प्रहरी, देवचंद चौधरी प्रहरी, परमानंद सामले एवं उमेश पुरेना प्रहरी उपस्थित थे।





### बंदियों ने किया आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव

पहली बार छत्तीसगढ़ शासन और जेल प्रशासन के सहयोग से यह अनूठा धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कैदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना एवं उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाना था। सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने बताया कि गंगा जल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। जेल प्रशासन का मानना है कि गंगाजल से स्नान करने से कैदियों को मानसिक शांति मिलेगी एवं आध्यात्मिक रूप से मजबूती मिलेगी। इस आयोजन से बंदियों को आत्म परिवर्तन, सकरात्मक सोच व समाज की मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### हाटकोंदल में नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने निकाली विजयी रैली

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर हरिषा मंडावी ने जीत हासिल किया। पंचायत चुनाव में जीत का परिणाम आने और प्रमाण पत्र मिलने के बाद ग्राम पंचायत हाटकोंदल में निर्वाचित सरपंच ने गांव और आश्रित ग्राम में विजस रैली निकाली। गांव में नए सरपंच का जगह-जगह स्वागत किया एवं रैली निकाल मतदाताओं का आभार जताया। सरपंच हरिषा मंडावी ने सुविधाओं पर जोर देने की बात कही एवं शासन के विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण स्तर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करने की बात कही गई।

### नवनिर्वाचित सरपंच व समर्थको ने निकाला विजय जुलुस

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के नवनिर्वाचित सरपंच ने 526 मतों की अंतर से जीत दर्ज किया, जिसका मंगलवार को विजय जुलूस समर्थकों के साथ निकाला गया। नवनिर्वाचित सरपंच शकुंतला नरेटी के समर्थकों ने डीजे डांस के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए जश्न मनाया। समर्थकों ने पटाखे फोड़कर अतिशबाजी किया। उन्हें कुल 744 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी को 526 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया है।

### बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कोड़ेजुंगा पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 पी 3609 का चालक वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नवजात की अज्ञात कारणों से मौत

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र ग्राम डोकला निवासी गणेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी कि रात को 12 बजे मेरी लड़की का तबीयत खराब होने के कारण उसे चारामा अस्पताल में भर्ती किए, वहां पर उसने नवजात शिशु लड़का को जन्म दिया। कुछ समय पश्चात नवजात शिशु का अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिला साहू समाज की बैठक 9 को

**कांकेर।** जिला साहू समाज की बैठक 9 मार्च को साहू सदन में आयोजित की जाएगी। इसमें कर्मा जयंती की तैयारियों सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दे को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में कर्मा जयंती को लेकर समाज के पदाधिकारियों साथ रणनीति तैयारी की जाएगी। यह जानकारी जिला साहू समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू ने दी।

### इमली मोड़ का मेला 27 से

**दुर्गूकोंदल।** महाशिवरात्रि महापर्व पर लयोर महादेव इमली मोड में दो दिवसीय मेला 27 एवं 28 फरवरी को मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में सूरज की किरण लोक कला मंच नाच पार्टी धमदीटोला बाजार जिला गोदिया की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## चनाबूट बेचकर ही किसान एक एकड़ से 36-38 हजार रुपए तक कमा रहे

# क्षेत्र में दिखने लगा फसल चक्र का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले में फसल चक्र परिवर्तन से किसानों को होने वाला फायदा अब दिखने लगा है। गर्मी में धान के बदले दलहनी-तिलहनी और नगदी फसलों की खेती से किसानों को अब कम दिनों में ही दोहरा फायदा हो रहा है। किसानों की खेती की लागत भी कम हुई है, साथ ही भारी मात्रा में पानी की भी बचत हुई है। जिले के चना उत्पादक किसानों ने केवल चनाबूट बेचकर ही 1 एकड़ फसल से 36-38 हज़ार रुपए तक का शुद्ध मुनाफा कमाया है। चनाबूट को किसान हाईवे के किनारे दुकान लगाकर, स्थानीय बाजार और मंडी में थोक और चिल्हर में बेचकर अच्छा फायदा ले रहे हैं।

मगरलोड विकासखंड के ग्राम कुंडेल के किसान रामनाथ ने दो-सवा दो महीने में ही लगभग 84 हज़ार रुपए का चनाबूट बेचा है और इस पर खेती की काश्त आदि खर्च निकाल कर 1 एकड़ से 36-38 हज़ार रुपए तक मुनाफा कमाया है। जिले में इस बार लगभग साढ़े 15 हज़ार हेक्टेयर में चने की फसल लगी है। 4 से 5 हज़ार हेक्टेयर की फसल को किसानों ने चनाबूट के रूप में 40 रूपये किलो के दाम पर बेचा है और अच्छा फ़ायदा लिया है। धमतरी विकासखण्ड के खरतुली निवासी चैतुराम ने 3 एकड़ में चने की फसल लगाई और चनाबूट के रूप में 38 रुपये प्रति किलो की दर से बेचकर 1 लाख 16 हज़ार रुपये से अधिक का लाभ कमाया।

रामनाथ बताते हैं कि उनके पास 2 एकड़ खेत है, जिसमें खरीफ के दौरान धान की फसल लगाई गई थी। इसके बाद कृषि विभाग और जिला प्रशासन की समझाईश और मदद से उन्होंने ड़ेढ़ एकड़ रकबे में रबी मौसम में धान के बदले चना की खेती की। 70-80 दिन में ही चने में फल आ गया और उसे जड़ से उखाड़कर चनाबूट के रूप में हाईवे किनारे दुकान के साथ मंडी और लोकल बाज़ार में 35-40 रुपए किलो के भाव से बेच दिया। उन्होंने बताया कि डेढ़ एकड़ रकबे में 2 हज़ार 100 किलो चनाबूट हुआ जिसको 40 रुपए किलो के भाव से बेचने पर 84 हज़ार रुपए मिले। रामनाथ ने बताया कि इस राशि से फसल की काश्त लागत लगभग 30 हज़ार रुपए घटा देने पर उन्हें शुद्ध रूप में 54 हज़ार रुपए का मुनाफा हुआ है। कृषि विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि चने की फसल से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाली मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों का उत्सर्जन भी कम होता है।

# परखंदा में 37 वोट से चुनाव जीतकर माधुरी बनीं सरपंच



■ संयोग: अब तक जिसका चुनाव चिन्ह गिलास छाप रहा वे विजयी हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम पंचायत परखंदा के मतदाताओं ने इस बार पंचायत चुनाव में युवा चेहरे पर भरोसा जताया है। यहां के मतदाताओं ने भाजपा के अधिकृत सरपंच प्रत्याशी 26 वर्षीय माधुरी मोहित साहू को 37 वोटों के अंतर से जिताया है। इस विजयी प्रत्याशी के साथ एक संयोग भी जुड़ा मिला है। यहां अभी तक केवल चुनाव चिन्ह गिलास छाप वाले प्रत्याशियों ने ही जीत दर्ज की है।

मिली जानकारी के अनुसार इस गांव में 2005 से लेकर अब तक के चुनाव में जिन-जिन प्रत्याशियों को सरपंच पद के लिए चुनाव चिन्ह के रूप में गिलास छाप मिला है, वे ही प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है चाहे वह कोई भी दल या गैरदलीय होकर या समर्थन लेकर चुनाव मैदान में उतरा हो। इस बार इस गांव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी माधुरी मोहित साहू ने 37 वोटों से जीत हासिल की। यहां सरपंच पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी हिना निषाद को 1089 मत एवं माधुरी मोहित साहू को 1126 मत, निर्दलीय प्रत्याशी रूखमणी पुनुराम साहू को 38 वोट मिले। जिसमें भाजपा प्रत्याशी 37 वोटों से विजयी हुई। विजयी प्रत्याशी एवं समर्थकों ने गांव में विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया। ग्रामीणों को युवा सरपंच से काफी उम्मीदें हैं। नशे की गिरफ्त से गांव को मुक्त कराने का जिम्मा अब इनके कंधों पर हैं।

**गिलास छाप वाले ये सभी प्रत्याशी चुनाव जीते हैं**

| वर्ष | सरपंच का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 2005 | नाथूराम सोनबेर | कांग्रेस |
| 2010 | तारा गिरेंद्र साहू | भाजपा |
| 2015 | राजू रमेश साहू | कांग्रेस |
| 2020 | शत्रुहन बारले | भाजपा |
| 2025 | माधुरी मोहित साहू | भाजपा |

# उपभोक्ता प्रतिमाह बिजली बिल का भुगतान करें : बंजारे

**कुरूद।** धमतरी जिला अंतर्गत (संचा. / संधा.) संभाग छ. स्टे.पा.डि.कं. लिमि. कुरुद में बिजली बिल की बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का लगातार लाइन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली का कार्य जारी है। कुरुद संभाग अंतर्गत माह जनवरी 25 की स्थिति में 4741 नं. गैर शासकीय कनेक्शनों के विरुद्ध 1.49 करोड़ रुपये बकाया राशि का वसूली कार्य किया जा रहा है। जिनमें से लगभग 1710 नं. उपभोक्ताओं का रुपये 40.86 लाख का विद्युत लाइन विच्छेदित किया गया है। लाइन काटे जाने के फलस्वरुप कुल 1947 नं. उपभोक्ताओं से रुपये 46.81 लाख राशि विभाग को प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त शासकीय कनेक्शनों के विरुद्ध विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 20 करोड़ 48 लाख रुपये राशि भुगतान नहीं किया गया है। शासकीय विभाग अंतर्गत शिक्षा विभाग के विरुद्ध 32 लाख रु., स्वास्थ्य विभाग 39 लाख रु., नगर पंचायत कनेक्शनों में 4.39 करोड़ रु., ग्राम पंचायत कनेक्शनों के विरुद्ध 15.14 करोड़ रुपये, जल संसाधन 1.33 लाख, पुलिस विभाग 9.68 लाख रु., वन विभाग 2.63 लाख रु. इत्यादि विद्युत देयक की राशि भुगतान हेतु लंबित है। शासकीय विभागों एवं स्थानीय निकायों की बकाया राशि हेतु निरंतर पत्राचार किया गया है एवं गैरशासकीय विद्युत कनेक्शनों की सघन विद्युत लाइन विच्छेदन की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है। पॉवर कंपनी की ओर से जीके बंजारे कार्यपालन अभियंता कुरुद ने लाइन विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिये प्रतिमाह बिजली बिल का भुगतान करने की अपील की है।

# विजन और मिशन केवल विकास है : बलजीत

■ नगर की जनता ने भाजपा सरकार के विकास कार्यों को सौ में से सौ नम्बर दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगर पंचायत का आगामी पांच वर्षों में चहुमुंखी विकास कर उत्कृष्ट नगर पंचायत बनाना और प्रत्येक नगरवासी को मूलभूत सुविधाओं का सीधा लाभ पहुंचाना ही मेरा प्रथम उद्देश्य है। मेरा और मेरे पार्षद साथियों का विजन और मिशन केवल और केवल विकास है। उक्त बातें नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कही।

श्री छाबड़ा ने कहा कि नगर की जनता ने भाजपा सरकार के विकास कार्यों को सौ में से सौ नम्बर दिए हैं जिसका परिणाम सम्पन्न हुए चुनाव में देखने को मिला। महतारी योजना, आवास योजना का लाभ प्राप्त कर रहे लोगों ने जहां भाजपा को पूरी तरह साथ दिया वहीं सरकार की योजना और कार्यशैली लोगों के बीच साकार रूप ले रही है जिसके कारण नगर पंचायत में विजयश्री हासिल हुई है। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि लोगों की समस्याओं का निराकरण त्वरित हो और नगरवासियों को किसी भी कार्य के लिए भटकना न पड़े, यह उनकी प्राथमिकता है। नगरवासियों की मांगों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर उन्हें सरकार की सहायता से पूर्ण करना उनका प्रथम लक्ष्य होगा। वर्षों पुरानी लंबित मांगों पर उनकी नजर है। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि उन्हें नगर पंचायत तक आने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी बल्कि उनके दरवाजे पर निराकरण की ठोस योजना उनके द्वारा तैयार की जा रही है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि जनमानस की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास उनके द्वारा किया जायेगा। शपथ ग्रहण के पहले ही अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा व पार्षद असकरण पटेल ने तुमबाहरा स्कूल में मोटर पंप व पानी टंकी की व्यवस्था, वार्ड क्रमांक 13 में गुढ़ियारी तालाब के पास सामुदायिक भवन और वार्ड के सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने नगर पंचायत के उपअभियंता को निर्देशित किया। वार्ड क्रमांक 13 में नालियों के ऊपर प्लेट व पुलिया रिपेयरिंग का जोनल से कार्य करने अधिकारियों को निर्देश दिया। यह कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा। प्रत्येक दिन वार्डों में घूमकर लोगों की समस्या सुनना ही उनकी प्राथमिकता है।

## भीमाशंकर ग्रुप ने बगदेही में आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में 265 मरीजों का हुआ चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



लोगों को चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए मंगलवार को भीमाशंकर ग्रुप एवं हाराइजन हास्पिटल रायपुर तेलीबांधा द्वारा ग्राम बगदेही में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान 265 मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। भीमाशंकर ग्रुप द्वारा बुजुर्गों को स्टीक का वितरण भी किया गया।शिविर में ग्राम भेंडरवानी, चिरपोटी, दर्री, देवरी, डाही, कसरी, चोरभट्ठी से मरीज पहुंचे और अपनी मेडिकल चेकअप करवाया। इसके बाद चिकित्सकीय परामर्श लेने के बाद लोगों ने दवा ली।

शिविर में डां.पंकज द्विवेदी एमबीबीएस, डीएनबी फाजे, डा. विवियन रहीम एमबीबीएस एमडी, डां धानेश साहू एमबीबीएस की टीम ने परीक्षण किया। डां. पंकज द्विवेदी ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ ही नेत्र रोगों के मरीजों की की संख्या अधिक रही। बीपी, शुगर, गठिया, गैस, हृदयरोग, स्त्रीरोग, नाक, कान, गला, दांत रोग से संबंधित मरीज भी शिविर में पहुंचे।

मौके पर नरसिंग साहू, दिनेश साहू, करणसिंह धुव, यीयन साहू, लोकेश्वर, रेखूराम साहू, जीवराखन निषाद, बुतकर साहू, रघुराम, बृजलाल साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

# मड़ेली में कांग्रेस समर्थित बीना साहू सरपंच बनीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू के गृहग्राम मड़ेली में लगातार चौथी बार कांग्रेस की सरपंच विजय हुई। सरपंच पद हेतु तीन उम्मीदवार मैदान में थे जिसमें बीना लक्ष्मीनारायण साहू 292 मत प्राप्त कर सरपंच चुनी गई।

ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि पुनः एक ही परिवार से दूसरी बार सरपंच का चुनाव हुआ है। इससे पूर्व लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच पद पर 5 वर्ष सुनियोजित कार्यकाल स्थापित किया। विजय प्राप्ति के बाद आभार सभा का आयोजन किया गया। शारदा साहू ने कांग्रेस विजय प्रत्याशी को शुभकामनाएं दीं।

# गाडगे जयंती पर झिरिया धोबी समाज ने निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)





ग्राम मड़ईभाठा में छग झिरिया धोबी समाज द्वारा गाडगे जयंती पर वार्षिक अधिवेशन रखा गया। महिलाओं और समाज प्रमुखजनों द्वारा पूरे गांव में कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। सामाजिक मीटिंग में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

मौके पर समाज के पाली अध्यक्ष गुल्लू राम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष रामभरोसा, सचिव बल्लूराम निर्मलकर, मदन लाल, प्रभुराम निर्मलकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती, कोषाध्यक्ष मथुरा बाई, सचिव श्रीमती केंवरा बाई, सलाहकार मोंगराबाई निर्मलकर, गीता बाई निर्मलकर, पवन कुमार निर्मलकर, चोवाराम निर्मलकर समेत समाजजन शामिल हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

# गायत्री परिवार ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान गायत्री परिवार द्वारा किया गया। कक्षा 12वीं से खेमेश्वरी बैस पिता दिनेश, 11वीं से ऐश्वर्या साहू पिता कामताप्रसाद, वोगिता साहू पिता हेमंत को प्रशस्ति पत्र, मैडल, श्रीफल, साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गायत्री परिवार से अंजोर सिंह कंवर, कन्हैयालाल साहू, श्रीमती योगेश्वरी साहू, प्राचार्य चैतराम साहू, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी अनिल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता बालकृष्ण साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सुखराम नागे महाविद्यालय में बर्ड काउंट पर हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन

# प्रकृति में पक्षियों के महत्व एवं उनकी भागीदारी को समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. कौशल नायक विभागाध्यक्ष एवं हर्षद चंद्राकर के संयोजन में प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च अपारचुनिटि इन एवियन डार्यवसिटी ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट (जीबीबीसी) विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. हितनारायण टंडन सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र शासकीय गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद ने अपने व्याख्यान में रिसर्च के क्षेत्र में बर्ड डार्यवसिटी के महत्वपूर्ण तथ्यों एवं प्रकृति में पक्षियों के महत्व एवं उनकी भागीदारी की महत्ता को समझाया। बर्ड आईडेंटिफिकेशन तकनीक के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रिसर्च प्रोग्राम के बारे में अपनी जिज्ञासा प्रकट की। इस अवसर पर बीएससी अंतिम के लगभग 90 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीता नेताम का विशेष योगदान रहा।

Pride of Dhamtari
सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम
SANJAY ARTS
सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लेक्स बेनर, फ्लेक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गीदम।** जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में पुलिस को सफलता मिली है। 24 फरवरी को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान कारली वार्ड क्रं. 13 में अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री करने एवं निजी निवास में शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करवाकर माहौल खराब करने की शिकायत मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते विमला मण्डावी उम्र 35 वर्ष के कब्जे से देशी महुआ शराब 25 लीटर एवं बिक्री की रकम 500 एवं शराब पिलाने के बर्तन स्टील गिलास एवं मग को जप्त कर थाना गीदम में अपराध क्रमांक 16/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक शशिकांत यादव, सउनि नरेन्द्र भारती, भीखमचंद साहू , प्रआर राजकुमार सिंह, मप्रआर सुनैना पटेल, मडीएसएफ बदरी जुर्री की अहम भूमिका रही।

### हिंदू जागरण मंच का अभ्यास वर्ग आयोजित होगा 2 मार्च को

**जगदलपुर।** हिंदू जागरण मंच द्वारा कंगोली मार्ग पर स्थित शौण्डिक समाज भवन में जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग 2 मार्च को होगा। जिला संयोजक अमित सिंह चौधरी ने बताया कि प्रातः 8:30 से शाम 5:30 तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### किरंदुल के पुराना थाना परिसर में रूद्राभिषेक होगा आज

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में पुराना थाना परिसर स्थित शिवमंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार की सुबह 7 बजे से रूद्राभिषेक, हवन पूजन तथा गुरुवार को भजन और भंडारा में प्रसाद वितरण 12:30 बजे से किया जाएगा।

### कोंटा में जिला पंचायत की 4 सीट पर 3 पार्टी

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक में जिला पंचायत के 4 सीट पर 3 पार्टी के नेता चुने गए हैं। जगरगुण्डा में भाजपा, मिसमा में सीपीआई तथा मनीकोंटा और ढोंडरा में कांग्रेस को जीत मिली है।

### लिंगेश्वर महादेव में आज सुंदर कांड और कल होगा महाभंडारा

**जगदलपुर।** ग्राम रामपाल के लिंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिन का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। आज अखंड महामृत्युंजय मत्रजाप 12 घंटे का किया गया। कल सुबह 5:30 बजे से पंचामृत, जलाभिषेक, श्रृंगार दर्शन और महाआरती की जाएगी। संध्या 7 बजे से सुंदरकांड पाठ होगा और 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से महाभंडारा होगा।

### बिना लायसेंस के मिले 10 यात्री बसों के कंडक्टर पर कार्रवाई

**जगदलपुर।** सड़कों में संचालित हो रही बसों में 95 फीसदी कंडक्टर्स बिना लाइसेंस के चल रहे हैं, कई को तो इसकी जानकारी तक नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार परमिट पर चलने वाली बसों में कंडक्टर के पास कंडक्टर लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए नहीं बल्कि कंडक्टरी का काम करने के लिए होता है। इसके बिना कोई भी बस में कंडक्टरी नहीं कर सकता। शहर अंतराज्यीय बस स्टेंड से परमिट लेकर दौड़ रहीं 350 बसों में इक्का-दुक्का ही बसें ऐसी हैं, जिनमें कंडक्टर के पास लाइसेंस है। परिवहन विभाग रायपुर के आयुक्त के निर्देश पर शहर के परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी मनोज कुमार ने बेरियर में जाने-आने वाले 10 यात्री बसों की जांच की।

---

सुखराम नागे कालेज में वक्ताओं ने छात्रों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की दी जानकारी

# पीड़ित उपभोक्ता अब अपने घर से ही उपभोक्ता आयोग में शिकायत कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



वर्तमान व्यापारिक प्रतिस्पर्धी युग में प्रत्येक उत्पादक या व्यवसायी अपनी उत्पादित वस्तु को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बेचकर अधिक से अधिक लाभ कमाना चाहता है। इसी फेर में वे अनेकों बार उपभोक्ताओं का शोषण या ठगी करते हैं। शासन द्वारा उपभोक्ताओं को ऐसे शोषण व ठगी से बचाने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए विविध प्रावधान किए गये हैं। इस संबंध में छात्र-छात्राओं और स्टॉफ को जागरूक करने शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की संरक्षक व प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डा. रमेश देवांगन ने नए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के संबंध में बताते हुए कहा कि पूर्व के उपभोक्ता अधिनियम 1986 की तुलना में इस नए अधिनियम 2019 में अधिक प्रभावशाली प्रावधान किए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्रत्यक्ष या आनलाइन खरीददारी से पीड़ित उपभोक्ता अब उत्पादक या व्यवसायी के कार्यस्थल क्षेत्र पर ही उसके विरुद्ध शिकायत करना आवश्यक नहीं बल्कि पीड़ित उपभोक्ता अपने निवास स्थल क्षेत्र से ही प्रत्यक्ष या आनलाइन माध्यम से उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कर सकता है। डा. देवांगन ने उपभोक्ताओं को अधिनियम से प्राप्त सुरक्षा का अधिकार, संसूचित किए जाने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, पारितोष पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकारों का व्यावहारिक एवं सरल उदाहरणों के माध्यम से उन्हें सजग करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. दीपा देवांगन ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजाराम मेहरा, जयराम कुर्रे, हितेशानंद ठाकुर, लोकेश्वरी राठिया, डा. ममता सौरज, डा. अंबा शुक्ला, डा. संध्या रजनी मिश्रा, डा. वेणु साहू, डा. मधु साहू, प्रमोद चौरे, उर्वशी साहू, सौरभ पांडे, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल, लाकेश साहू तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नगरी क्षेत्र के जिपं सदस्यों को मिला प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरी के जिला पंचायत क्षेत्र में भी भाजपा का परचम लहराया। तीनों जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अच्छे वोटों से जीतकर आए हैं। मंगलवार को उन्हें प्रमाण- पत्र दिया गया। अब नगरी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों को अध्यक्ष बनाने के लिए आवाज उठ रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने पूरे जिले में अच्छा परफार्मेंस दिखाया है। तीसरे चरण के मतदान में नगरी में तीनों जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा समर्थित ही विजयी हुए हैं। अजय फत्तेलाल ध्रुव ने क्षेत्र क्रमांक 11 में 8000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 12 में अंजोर सिंह निषाद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 15 हजार 587 वोटों से हराया। उन्हें 24 हजार 934 वोट मिले हैं। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 में गरिमा धनुष नेताम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 8 हजार 467 वोटों से हराया हराया। उन्हें 17 हजार 745 वोट मिले हैं। मंगलवार को तीनों विजयी प्रत्याशी जिला पंचायत पहुंचे, जहां समर्थकों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में उन्हें प्रमाण-पत्र दिया गया।

# आयुक्त, उपायुक्त ने किया बस स्टैंड के नए शौचालय का निरीक्षण



**धमतरी।** बस स्टैंड स्थित नए शौचालय का निरीक्षण आयुक्त प्रिया गोयल और उपायुक्त पीसी सार्वा ने किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि शौचालय उपयोग के लिए ठेकेदार द्वारा अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी बताया कि शौचालय की सफाई और रखरखाव की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। इस पर आयुक्त और उपायुक्त ने गंभीरता से ध्यान दिया और ठेकेदार की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की।

आयुक्त प्रिया गोयल ने ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और विभागीय अधिकारियों को ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदार को शुल्क के मामले में उचित नियमों का पालन करना होगा और शौचालय की सफाई और सुविधाओं का स्तर सुधारा जाना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं होता है, तो ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के बाद स्थानीय नागरिकों को शौचालय की स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है।

गणेशपुर में कबीर सत्संग सुनने दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु

# संतों के सानिध्य से ही जीवन प्रकाशमान होगा : सुधाकर दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति, रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में 24 फरवरी से सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन सुधाकर दास शास्त्री साहब ने कहा कि धर्म को आगे बढ़ाने के लिए धन की परम आवश्यकता है। कबीर पंथ के महानायक गुरु धनीधरम साहेब ने 56 करोड़ की संपत्ति सदगुरु कबीर साहेब के चरणों में समर्पित की। उसी के सहयोग से कबीर पंथ का विस्तार एवं प्रचार-प्रसार का काम किया गया। कभी साधु संत के सानिध्य में नहीं रहे और सत्संग नहीं किए तो आपके जीवन में अंधेरा ही अंधेरा रहता है। साधु संतों के बीच बैठने से जीवन में प्रकाश का आगमन होगा। संतों के सानिध्य में ही प्रकाश की बढ़ोतरी होती है।

कथा सुनने नवनिर्वाचित सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, पंच भूखीन प्रदीप ध्रुव, जगदीश कुमारी साहू, लक्ष्मी, मनोज नेताम, बिन्दा, बीरसिंग साहू, परमा, रामनारायण ध्रुव, टेकराम, आनंद नारंग, नंदिनी, भोला कुर्रे, रेखा, द्वारिका निषाद, युवराज, बैसाखूराम साहू, कैलाश, किरण निषाद, बंशी पटेल, सीपी मिश्रा, देवानंद ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, कमल निषाद, नरसिंह यादव, लीलाराम साहू, जीवनलाल साहू, तोषन पटेल, अहिल्या निषाद, राजेश्वरी साहू, हुमन साहू, सरस्वती साहू, तेजेश्वरी निषाद, नंदिनी साहू, सुरुचि निषाद, जमुना निषाद, टुकेश्वरी साहू, सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिव की भक्ति करने वाला कलयुग के प्रभाव से बच जाता है : हलधरनाथ





- जलेश्वर महादेव प्रांगण में शिव महापुराण कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद नगर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन की कथा सुनाते हुए हलधरनाथ योगी ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली है। भगवान के बारे में जानने की जिज्ञासा रखने वाला व्यक्ति भाग्यवान है। कलयुग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो व्यक्ति भक्ति को धारण करता है, वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। भगवान शंकर की राशि मंगल है। उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपावंत रहते हैं। 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर सभी भक्तों को पूरे परिवार के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा उपासना करनी चाहिए क्योंकि देवों के देव सभी प्रकार से कल्याणकारी हैं। कथा सुनने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंच रहे हैं।

बीएसएनएल विभाग ध्यान दें

# 15 साल से सिलौटी में बंद खड़े टॉवर से नट-बोल्ट समेत लोहे के एंगल हो रहे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भखारा क्षेत्र के सिलौटी में करीब 15 साल से बंद खड़ा बीएसएनएल का टावर अब तक शुरू तो नहीं हो पाया लेकिन करीब 40 मीटर ऊंचे टॉवर के सपोर्टिंग एंगल नट-बोल्ट सहित गायब हो रहे हैं। असामाजिक तत्व धीरे-धीरे कर पूरा टॉवर गायब करने की फिराक में हैं और विभाग को इसकी भनक तक नही है।



जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर कोर्रा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बीएसएनएल की सेवाएं देने के लिए विभाग ने 15 साल पहले सिलौटी के तालाब के पास जोरातराई मार्ग में बीएसएनएल का टावर लगाया था। टावर बनकर खड़ा भी कर दिया गया। जनरेटर आदि लगाने पावर हाउस भी बनकर तैयार है, लेकिन टावर आज तक चालू नहीं हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी इस ओर पहल नहीं होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी हैं। दूसरी ओर अब इस बंद खड़े टॉवर पर असामाजिक तत्व के लोगों की नजर लग चुकी है। वे रात में टॉवर के नट-बोल्ट खोलकर कई क्विंटल लोहे का एंगल गायब कर चुके हैं।

### कभी भी घट सकती है अनहोनी

जिस समय सिलौटी में बीएसएनएल का टावर स्थापित किया गया उसी समय हवा-तूफान में वह टॉवर धराशायी हो गया था। जिसे बाद में फिर से खड़ा किया गया था। लेकिन अब असमाजिक तत्वों द्वारा टॉवर के सपोर्टिंग एंगल की चोरी कर लेने से उक्त टॉवर के कभी भी गिर जाने की आशंका है। इसे समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है।

# पति ने तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- पत्नी को तलाक देने के बाद घर से निकाला

धमतरी जिले के कुरूद ब्लाक में तीन तलाक का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पति ने तीन बार तलाक बोलकर 20 साल की शादी को चंद सेकंड में खत्म कर दिया। पत्नी को तलाक देने के बाद उसे घर से निकाल दिया। महिला की तीन बेटियां हैं।

मामला धमतरी जिले के कुरूद नगर के इंदिरा चौक का है। यहां रहने वाले सैय्यद अशरफ अली ने अपनी पत्नी आरिफ खातून को तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। दोनों की शादी को 20 साल से ज्यादा का समय हो चुका है। इस शादी से उनकी तीन बेटियां हैं। बता दें कि भारत में ट्रिपल तलाक कानून प्रतिबंधित हैं। बावजूद इस तरह की घटना सामने आई है।




### आरोपी ने अपनी सगी साली से की शादी

मिली जानकारी अनुसार अशरफ अली ने अपनी ही सगी साली से शादी कर ली और पत्नी आरिफ को प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता ने बताया कि तलाक देने के बाद जब उसने समाज में बैठक बुलाकर न्याय की मांग को तो अशरफ ने धमकियां देना शुरू कर दिया। अशरफ का कहना था कि समाज में बैठक बुलाकर मामले को तूल न दिया जाए।

### पीड़िता ने शिकायत कराई दर्ज

पति की धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने कुरूद और धमतरी कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोपी पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले को लेकर कुरुद थाने के एसआई सुरेशनंद ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच कर कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

# सांकरा में मानस सम्मेलन का शुभारंभ



**सांकरा/नगरी।** ग्राम सांकरा में छग राज्य स्तरीय श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक किया जा रहा है। मानसगान का शुभारंभ 25 फरवरी मंगलवार को ग्राम सांकरा की शंकर नगर बाल मंडली द्वारा रामायण मानसगान प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में अमरनाथेश्वर राम-जानकी मंदिर में राम-जानकी, लखन, हनुमान की मूर्ति का विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर आचार्य पं. उदेभानु दीवान, पं. रेवाप्रसाद तिवारी, अध्यक्ष सुरेश साहू मानस सम्मेलन समिति सांकरा, उपाध्यक्ष गिरवर भंडारी, शिवशंकर चौरसिया, कृपाराम, मनोज कश्यप, महेश साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा, कोषाध्यक्ष तीरथराम साहू, सहसचिव छगनलाल साहू, पूनम सिन्हा, लव साहू, पूजा समिति से पूरनलाल साहू, बंशीलाल ध्रुव, उदेराम साहू, संरक्षक राजू पटेल, जन्मेजय साहू, रोशन साहू, बिशालराम ध्रुव, भरोसा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बर्तन बैंक का शुभारंभ आज

**धमतरी।** सिंगल-यूज प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल से निपटने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी एक अनूठी पहल की शुरुआत करने जा रही है। वर्तमान में शादी समारोह, सामाजिक समारोह एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक, कागज एवं थर्मोकोल के प्लेट, थाली एवं गिलास का उपयोग अधिक मात्रा में किया जा रहा है। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। इनसे बचने के लिए शादी समारोह, सामाजिक समारोह और धार्मिक आयोजनों के दौरान डिस्पोजेबल प्लास्टिक के विकल्प के रूप में स्टील के थाली, गिलास और चम्मच का बर्तन निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। 26 फरवरी को 12.30 बजे शिव महापुराण कथा स्थल सोरिद में बर्तन बैंक का शुभारंभ किया जायेगा।

# जोरातराई की नवनिर्वाचित सरपंच प्रीति ने निकाला विजय जुलूस

- विगत पंचायत चुनाव में मिली थी करारी हार, इस बार तगड़ी पटखनी देकर जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने वाले जोरातराई (सी) पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच प्रीति साहू ने निर्वाचित वार्ड पंचों के साथ गांव में विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का अभिवादन किया। कार्यकर्ता आतिशबाजी कर डीजे की धुन में जमकर थिरके।

बता दें कि नवनिर्वाचित सरपंच प्रीति साहू कांग्रेस पार्टी से अधिकृत होकर चुनाव लड़ी एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा समर्थित सविता गंजीर को 117 वोटों के भारी अंतर से हराया। इससे पूर्व पंचवर्षीय में भी प्रीति व सविता के बीच कड़ी टक्कर रही जिसमें प्रीति ने 28 वोटों के अंतर से करारी हार का सामना किया था। लेकिन इस बार उन्होंने साम-दाम, दंड-भेद नीति अपनाकर बीते हार का जवाब तगड़ी पटखनी देकर सरपंच की सीट पर कब्जा कर लिया। विजय हासिल करने के बाद मंगलवार को गांव में विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंच रोहिणी साहू, पवन साहू, गयाराम साहू, प्रतिमा साहू, सरोज साहू, नोमेश्वरी साहू, बसंती साहू, महेश्वर साहू, योगेश्वरी मिथलेश, नीलकमल साहू के अलावा जयप्रकाश साहू, गजेंद्र साहू, गोवर्धन साहू, बद्रीप्रसाद, बिसौहा साहू, गैंदलाल साहू, विक्की साहू उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## राजपूत क्षत्रिय महासभा का चुनाव 9 मार्च को

**धमतरी।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह के त्रिवार्षिक चुनाव की रूपरेखा घोषित हो गई है। नामांकन 2 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे भरा जायेगा। चुनाव 9 मार्च को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपसचिव, निर्णायक सदस्य, महिला मण्डल अध्यक्ष, सचिव, युवा मण्डल अध्यक्ष, सचिव, उपसमिति कार्यकारिणी के 6 सदस्य समेत कुल 17 सदस्यों का चुनाव होना है। सत्र 2021-22, 2022-23, 2023-24 के सक्रिय सदस्य, इच्छुक प्रत्याशी आवेदन फार्म सचिव उपसमिति धमतरी से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त करेंगे 2 मार्च को नामांकन पत्र जमानत राशि सहित जमा किया जा सकेगा। निर्विरोध चुनाव में दोपहर 3 बजे पर्यवेक्षक द्वारा घोषणा की जायेगी। चुनाव की स्थिति में 9 मार्च को मतदान होगा। कार्यक्रम महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन धमतरी इतवारी बाजार में होगा।

## बजट सत्र में विधायक ओंकार ने जनहित के लगाए कई प्रश्न



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 21 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में विधायक ओंकार साहू ने जनहित के मुद्दों को लेकर कई सवाल लगाए हैं। नगर निगम अंतर्गत नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी, एसटीपी सीरेज ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी, जल जीवन मिशन अंतर्गत अनियमित की जांच, धमतरी जिले में स्थित राइस मिलों का निरीक्षण एवं उद्योग की जानकारी, पीड़ित बच्ची के इलाज में लापरवाही की जांच, धमतरी स्वास्थ्य विभाग में नेशनल हेल्थ मिशन में अनियमितता पूर्वक भर्ती एवं शिकायत की जांच, जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट की स्थापना, धमतरी एवं गरियाबंद जिले में समाज कल्याण विभाग में करोड़ों रूपये के व्यय की जानकारी, राइस मिलों से कस्टम मिलिंग के शेष जमा योग्य चावल की वसूली, शराब दुकानों में मिलावटी घटिया शराब के विक्रय पर कार्रवाई की जानकारी, गंगरेल बांध केजकल्चर के आसपास मृत प्रवासी पक्षियों की जानकारी, जनपद पंचायत धमतरी अंतर्गत जनपद विकास निधि कार्यों में अनियमिता की जांच कार्रवाई की जानकारी मांगी।

## अमरसिंग बने भोथली के सरपंच



**सांकरा।** नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत भोथली में अमरसिंग नेताम को सरपंच बनाया गया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को लगभग 200 से अधिक वोटों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा जमाया है। उनकी इस जीत से गांव में उत्साह का माहौल है। समर्थकों ने आतिशबाजी की। अमरसिंह ने अपनी जीत को जनता जनता की जीत बताया और कहा कि ग्राम पंचायत के विकास और जनसेवा के लिए पूरी मेहनत एवं लगन से कार्य करेंगे।

### होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाने कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

# रात 10 बजे के बाद साउण्ड सिस्टम का प्रयोग नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों और अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद साउण्ड सिस्टम का प्रयोग नहीं होगा। इसके साथ ही कोई भी जुलूस, सभा, शोभायात्रा, भंडारा, जनसमुदाय एकत्रीकरण की सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाने को देने और आयोजन की विधिवत अनुमति लेने कहा। सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम ना हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। यातायात नियमों का पालन हो, होली में तेज आवाज वाले फूहड़ गीत, गाड़ियों में भोंपू इत्यादि का उपयोग न हो, होलिका दहन का स्थल निर्धारण हो, हरे-भरे वृक्षों को नहीं काटने, धार्मिक भावना आहत न हों इसका विशेष ध्यान रखने कहा।

होली के पूर्व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई लगातार करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल थाने और मजिस्ट्रेट को सूचित करने कहा। उन्होंने बिना अनुमति अथवा अनुमति के शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री वार्ष्णेय ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रता से पर्वों को बनाया जाए। होली, शिवरात्रि पर्व के लिए पूर्व से ही अनुमति ली जाए। समाज प्रमुख यह ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना को ठेस न लगे। अपने आसपास असामाजिक तत्वों के होने की सूचना अनिवार्य रूप से दें, साउण्ड सिस्टम तेज आवाज में नहीं बजाएं और छोटे-छोटे नगाड़े एवं बाजे बजाएं, ताकि इससे किसी को दिक्कत नहीं हो। यातायात नियमों का पालन करें।

एसपी ने कहा कि रूट निर्धारित कर इसकी जानकारी अवश्यक दी जाए, अन्यथा संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अनुभागों में भी शांति समिति की बैठक आहूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में एएसपी ने कहा कि होली में शराबखोरी, बाइकर्स, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चालाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही गली-मोहल्लों में डीजे लगाकर हुड़दंग करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने समाज प्रमुखों से आवश्यक सुझाव भी मांगे।

## शिवजी की बारात में शामिल हुए महापौर



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा बुढ़ेश्वर महादेव समिति व्दारा आयोजित शिवजी की बारात में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बारात में शामिल होने के लिए जनमानस को धन्यवाद दिया।

## विंध्यवासिनी, बठेना, मराठापारा एवं सोरिद की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- डीपीएल सीजन-6 क्रिकेट मैच का दूसरा दिन



डीपीएल सीजन 6 क्रिकेट मैच के दूसरे दिन मंगलवार की रात मिशन ग्राउंड में खेले गए चार मैचो में विंध्यवासिनी, बठेना, मराठापारा, सोरिद की टीम विजेता बनी।

पहला मैच विंध्यवासिनी वार्ड एवं जालमपुर वार्ड के बीच खेला गया, जिसमें विंध्यवासिनी वार्ड की टीम 51 रनों से विजेता बनी। दूसरा मैच आमदी और बठेना के बीच हुआ, जिसमें आमदी ने 7 विकेट खोकर 73 रन बनाए। बठेना की टीम ने 2 विकेट खोकर 74 रन बनाए और विजेता बनी। तीसरा मैच रिसाईपारा वार्ड एवं मराठापारा के बीच हुआ।

रिसाईपारा की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाए, वहीं मराठापारा की टीम ने 3 विकेट पर 79 रन बनाकर प्रतिद्वंदी को हराया। चौथा और आखिरी मैच सोरिद वार्ड और सदर उत्तर वार्ड के बीच हुआ जिसमें सोरिद की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी को 49 रन से पराजित किया।

## एक्शन में महापौर, रात 10 बजे पावर हाउस से बस स्टैण्ड तक किया पैदल सर्वे

- नया बस स्टैण्ड के शौचालय में अतिरिक्त शुल्क लेने पर ठेकेदार को जमकर लगाई लताड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा शपथ ग्रहण के पहले ही एक्शन में नजर आ रहे हैं। रामू रोहरा ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि निगम में भाजपा की सरकार बनते ही आने वाले पांच सालों में सिर्फ और सिर्फ विकास होगा। वे अपनी इन बातों को अमलीजामा पहनाने में लग चुके हैं। श्री रोहरा ने रात के समय पावर हाऊस से नया बस स्टैण्ड तक पैदल सर्वे किया। इस दौरान उनके साथ निगम उपायुक्त पीसी सार्वा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

श्री रोहरा ने सर्वप्रथम स्टीट लाइट के बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। सफाई की व्यवस्था और भी बेहतर करने के आवश्यक सुझाव दिए। श्री रोहरा ने बस स्टैण्ड में बने शौचालय का निरीक्षण किया जहां उन्हें पता चला कि ठेकेदार व्दारा अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। इस पर श्री रोहरा ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। श्री रोहरा ने वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से स्पष्ट कहा कि आज तक जो निगम होता आया है, वह अब नहीं चलेगा। यहां सभी काम नियम व प्रक्रिया से होंगे। उन्होंने कहा कि धमतरी की जनता ने इस भरोसे के साथ निगम तक पहुंचाया है कि धमतरी का विकास होगा और इस धमतरी के विकास को कोई अवरूध्द करने का प्रयास करता है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## महावीर इंटरनेशनल ने डीसीएच में प्रसादी वितरित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल में महावीर प्रसादी टिफिन वितरित किया गया। रोगी के साथ एक अटेंडर को निःशुल्क प्रसादी एवं बिस्किट दी गई। 50 लोगों ने इसका लाभ लिया। सुभाष, दीपा ने अपने विवाह दिवस पर यह आयोजन किया।

कार्यक्रम में ज्ञानचंद लुनावत, निलेश लुंकड़, खेमचंद गोलछा, दिलीप बड़जात्या, धीरेन्द्र नाहर, सुभाष लोढ़ा, डॉ हर्ष जैन, सूर्या लुंकड़, निर्मला लोढ़ा, दीपा लोढ़ा का सहयोग रहा।

## मध्यान्ह भोजन कर्मियों ने गांधी मैदान में बोला हल्ला



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू ने गांधी मैदान में 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया। यह आंदोलन 5 दिन चलेगा। यूनियन के अध्यक्ष समीर कुरैशी ने कहा कि मध्यान्ह भोजन में काम करने वाली महिलाएं लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया है। 2023 के चुनाव के दौरान घोषणापत्र में किए गए वादे को विष्णुदेव साय सरकार भूल चुकी है। घोषणापत्र में रसोइया सहायिकाओं के लिए मानदेय में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी का वादा किया था। 2024 के बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। साय सरकार द्वारा जो बजट पेश किया जाएगा उसमें मध्यान्ह भोजन कर्मियों के लिए 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा करें। महासचिव ललिता ने कहा कि रसोइया सहायिकाओं को मात्र 2000 रुपए प्रति माह मानदेय दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 12 माह मानदेय, उड़ीसा सरकार द्वारा सेवानिवृत्त के समय एकमुश्त सम्मान राशि, बिहार सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन मजदूर कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने पर 50000 रुपए एवं मृत्यु होने पर 4 लाख की राहत राशि दी जाती है। बालाराम मरकाम, सीता साहू, अनुसुइया कंडरा ने कहा कि मानदेय का भुगतान काफ़ी देर से होता है। उकेश्वरी साहू, योगिता अंगारे, संध्या ध्रुव ने कहा कि साय सरकार हमारी मांग को बजट में में शामिल करें। धरना में उषा साहू, दुर्गा नेताम, अहिल्या ध्रुव, राधा दिली, सरस्वती साहू, इन्दु नेताम, सेवती निषाद, लक्ष्मी पांडे समेत अन्य मौजूद थे। धरना को सीटू के अध्यक्ष मनीराम देवांगन, रेमन लाल यादव, सरला शर्मा, सागर निषाद ने भी अपना समर्थन दिया।

## परसुली पंचायत से प्रेमू चंद्रवंशी सरपंच बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम परसुली पंचायत से प्रेमू चंद्रवंशी सरपंच निर्वाचित हुए। उनकी जीत से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। विदित हो कि यहां तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। प्रेमू चंद्रवंशी ने जीत हासिल कर ली। जीत के बाद आभार रैली निकाली गई। आतिशबाजी हुई। नवनिर्वाचित सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि दलगत राजनीतिक से उठकर काम करेंगे ताकि गांव में विकास की गंगा बहे। शासकीय योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिले।

मौके पर पूर्व सरपंच धनसाय साहू, मनीराम साहू, खोमेश्वर साहू, पोखराज साहू, घनश्याम चंद्रवंशी, संतराम साहू, दानूराम साहू, लोकेश साहू, विश्राम डाहरिया, तोरण निषाद, रूपऊ निषाद, पोषण निषाद, मेघनाथ साहू, दीपक साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन जयलाल लेंजवार व आभार प्रदर्शन तोमेश्वर निषाद किया।

## चटौद स्कूल में 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**जीजामगांव।** शासकीय हाई स्कूल चटौद में कक्षा 10वीं के छात्रों को 21 फरवरी को विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एचआर मरकाम ने कहा कि सभी छात्र अच्छे से मेहनत करें और अच्छे अंकों से सफल हो। व्याख्याता एसके कंवर ने कहा कि प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करे और जिस इकाई पर शंका है उसे शिक्षकों से क्लियर कर लें। मौके पर केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, व्याख्याता प्रतीक तिवारी, रमेश चन्द्राकर, संकुल समन्वयक धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर मौजूद थे।

## पुलिस विभाग में फेरबदल, थाना प्रभारियों का प्रभार बदला

**धमतरी।** प्रशासनिक कसावट लाने पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। वहीं दो एएसआई व 6 आरक्षकों का भी तबादला किया है। जिला पुलिस कार्यालय से मंगलवार को जारी तबादला सूची के अनुसार निरीक्षक अरूण कुमार साहू को कुरूद से मगरलोड थाना, राजेश जगत को मगरलोड से केरेगांव, लेखराम ठाकुर को भखारा से सिहावा, चन्द्रकांत साहू को बिरेझर से कुरूद व उपनिरीक्षक उमाकांत तिवारी को सिहावा से भखारा थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं एएसआई प्रदीप सिंह को केरेगांव से बिरेझर चौकी का प्रभार दिया गया है। इसी तरह एएसआई बीरेन्द्र बैस को धमतरी थाना से रक्षित केन्द्र चिटफंड, समंस वारंट शाखा व टीकाराम को रक्षित केन्द्र एएचटीयूएसजेपीयू से संबद्ध किया गया है। जामवंत देशमुख को सिटी कोतवाली भेजा गया है। आरक्षक भागवत निषाद को अकलाडोंगरी से रक्षित केन्द्र, राजेश कुमार ध्रुव को चौकी करेली बड़ी, राजेश कुमार साहू को सिहावा, शुभम गोस्वामी को कुरूद, ओमप्रकाश साहू को थाना अजाक व महिला आरक्षक सोनिया साहू को भखारा थाना में पदस्थ किया गया है।

## दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने की। कक्षा 9 वीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं के छात्र - छात्राओं को इस्माइल टैग लगाकर स्वागत किया।

कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए विभिन्न गेम्स, डांस, रैंप वॉक का आयोजन किया गया। जूनियर छात्र-छात्राओं ने डांस प्रस्तुत किया। 10वीं के विद्यार्थियों ने अपना अनुभव शेयर किया। प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने बोर्ड परीक्षा में अधिक नंबर प्राप्त करने के टिप्स दिए। बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं की छात्रा रोहिणी वर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका लीला साहू, मोहन साहू, नूरेंद्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, शारदा भूसाखरे, पूर्वी सोनकर, सरिता नेताम, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भूखीन ध्रुव का योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में चार वर्षीय बालिका की मौत

- राजिम मेला देखने अपने माता-पिता के साथ बाइक से जा रही थी
- कल्ले बस्ती में ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, टोल टैक्स बचाने इस रोड में खूब दौड़ती हैं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



25 फरवरी की शाम 6 बजे ग्राम कल्ले में हुई सड़क दुर्घटना में 4 वर्षीय बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीयू 6927 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएच 2376 को टक्कर मार दी, जिसमें बालिका की मौत हो गई। पुलिस चौकी बिरेझर से मिली जानकारी के अनुसार बाइक से लुकेश साहू सपरिवार सेमरा (बी) रोड से राजिम मेला जा रहा था। रोड क्रास करते समय ग्राम कल्ले बस्ती में रायपुर से चारामा जा रहे ट्रक ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में लुकेश की लड़की श्रृष्टि साहू उम्र 4 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। लुकेश साहू के पैर एवं उसकी पत्नी रेखा साहू के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। पुत्र भावेश साहू उम्र 3 साल को खरोंच आई है जिसे प्राइवेट गाड़ी से हॉस्पिटल ले जाया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी इस रोड में बड़ी-बड़ी गाड़ियां अंधाधुंध चलती हैं। टोल टैक्स बचाने के चक्कर में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। शासन- प्रशासन को सूचना देने के बाद भी वह नजरअंदाज कर रहा है। आए दिन हाईस्पीड गाड़ियां इस रोड में दौड़ रही हैं जिसके चलते दुर्घटना घटित हो रही है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर ओवरलोड गाड़ियों को बंद करने की मांग शासन से की है।







